## शहर में आज

- माता दरवाजा स्थित परम सिद्ध पीठ संकट मोचन धाम में श्रीमद भागवत कथा से पूर्व कलश यात्रा प्रातः 8 बजे
- अम्बेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन।
- नगर निगम का विशेष सफाई अभियान।
- प्रॉपर्टी रिकार्ड की जांच के लिए वार्डों में डोर टू डोर जाएगी नगर निगम की टीम

## खबर संक्षेप

### अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया है। युवक की पहचान दिनेश निवासी गांव खरक जाटान के रूप में हुई है। तलाशी लेने पर युवक के पास से एक देसी पिस्तौल व एक कारतसू हुआ।

### शादी में युवक पर हमला करने का आरोपी काबू



**रोहतक।** पुलिस ने शादी के प्रोगाम के दौरान सेक्टर-37 निवासी युवक पर हुए जानलेवा हमला की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश करके जेल भेजा गया। अर्बन एस्टेट थाना प्रभारी रतनलाल ने बताया कि सेक्टर-37 निवासी विवेक की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरू की गई। जांच में सामने आया कि विवेक अपनी मौसी के लड़के की शादी में गांव बोहर आया हुआ था। शादी में घुड़चढ़ी के दौराने महिलाएं डांस कर रही थी। उसी दौरान रितिक निवासी बोहर नशे में महिलाओं के बीच में घुसकर नाचने लगा। विवेक के भाई हर्ष ने मना किया तो उसी दौरान रितिक डीजे फ्लोर से उतरकर विवेक के साथ हाथापाई करने लगा। उसी दौरान बीच वचाव करने पर रितिक अपने घर चला गया। रितिक कुछ समय बाद आकर विवेक पर जान से मारने की नीयत से छुरी से 2-3 बार सिर पर वार किया। शोर सुनकर रितिक धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया।

## शहर के दो दर्जन कॉलोनियों में सप्लाई का बुरा हाल

### कांग्रेस ने दी प्रदर्शन की चेतावनी, कम्युनिस्ट पार्टी करेगी जनसुनवाई

# दूषित पेयजल को लेकर गरमाई शहर की सियासत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर में लम्बे समय से दो दर्जन से अधिक कॉलोनियों में हो रही दूषित पेयजल सप्लाई का मामला गरमाने लगा है। पार्षदों के साथ ही कॉलोनियों के निवासी तो विरोध जता ही रहे हैं, अब राजनीतिक पार्टी भी उनके समर्थन में उतर आई हैं। कांग्रेस के शहरी विधायक बीबी बत्रा ने जिला प्रशासन को अल्टीमेटम दिया है कि वे गंदे पानी की आपूर्ति की समस्या का निदान सोमवार तक करवाएं नहीं तो बड़े स्तर पर प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही कम्युनिस्ट पार्टी ने शहर के लोगों के साथ जनसुनवाई कार्यक्रम करने का ऐलान किया है। ऐसे में जन स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों पर गाज भी गिर सकती हैं। विभाग के अधिकारी अधिकतर समस्याओं का निदान करने का दावा कर रहे हैं लेकिन वास्तविकता कुछ और ही है।

- दूषित पेयजल की समस्या तुरंत हल करें प्रशासन :बत्रा
- सोमवार को प्रदर्शन करेंगे

### पैसे देकर टैंकर खरीद रहे लोग

बत्रा ने कहा कि अभी गर्मी का मौसम शुरू भी नहीं हुआ है और शहर के बहुत सारे इलाकों में पानी की सप्लाई नहीं हो रही है, लोगों को खुद पैसे देकर टैंकर खरीदने पड़ रहे हैं। बत्रा ने कहा कि अभी से 4 जलघरों के 9 टैंक खाली होना प्रशासन के गैर जिम्मेदाराना व्यवहार को दर्शाता है। जिला प्रशासन को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हर घर को नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल प्राप्त हो।



### इन कॉलोनियों में आ रहा गंदा पानी

मॉडल टाउन, डीएलएफ, मानसरोवर कॉलोनी, विकास नगर, लक्ष्मी नगर, जसबीर कॉलोनी, कबीर कॉलोनी, तिलक नगर, बाबरा मोहल्ला, चिन्योट कॉलोनी, श्रीनगर कॉलोनी, विजय नगर, जति मोहल्ला, अनाज मंडी, गोपाल कॉलोनी, प्रताप चौक, टेक नगर, तेज कालोनी, अशोक नगर, कमला नगर सहित दो दर्जन से ज्यादा इलाकों में दूषित पेयजल पीकर लोग बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। कई जगह लाइन 20 से 25 साल पुरानी होने की वजह से जर्जर हो गई तो कहीं निजी कंपनियों ने सड़कों की खुदाई करवाकर लाइन डैमेज कर दी हैं। इस वजह से दूषित पेयजल की समस्या बढ़ रही हैं। लोगों का कहना है कि दूषित पेयजल के लिए उनकी दिनचर्या बुरी तरह से प्रभावित हो रही है।

### पिछले 15 दिन से लोग दूषित पानी पीने के लिए मजबूर : विधायक

कांग्रेस विधायक भारत भूषण बत्रा ने कहा है कि शहर की जनता दूषित पेयजल पीने को मजबूर है। अधिकारी इसका समाधान नहीं करवा पा रहे।



उन्होंने जिला प्रशासन एवं जन स्वास्थ्य विभाग को रविवार तक का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो सोमवार को इंडिया गठबंधन उपायुक्त कार्यालय पर जबरदस्त प्रदर्शन करेगा। विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार ने मूलभूत सुविधाओं के मामले में रोहतक के साथ पिछले 10 साल से बेहद गंदा मजाक किया है। आम जन सुविधाओं के लिए जनता को प्रदर्शन करना पड़ता है, मूलभूत सुविधाओं के लिए सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़नी पड़ती है। दो दर्जन से ज्यादा कॉलोनीयों के लोग गंदे पानी की समस्या से जूझ रहे हैं और प्रशासन खानापूर्ति कर रहा है। विधायक ने सवाल किया कि कैसे कोई 15 दिन तक गंदे बदबूदार पानी को पी सकता है। विधायक ने कहा कि भारतीय संविधान में इस बात का स्पष्ट उल्लेख है की स्वच्छ पेयजल हर नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। जनता की इस दुखदाई स्थिति के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को चाहिए कि वह उक्त इलाकों में जाकर खुद गंदा पानी पीकर दिखाएं।

### बाहरी कॉलोनियों में पानी की सप्लाई नहीं हो रही : सांगवान

**रोहतक।** शहर में हो रही गंदे पीने के पानी की सप्लाई पर माकपा भी जन सुनवाई करेगी। कम्युनिस्ट पार्टी की जिला सचिव डॉ जगमति सांगवान ने बताया कि गांव व शहर के विभिन्न मोहल्लों से लगातार गंदे व बदबूदार पीने के पानी की सप्लाई की शिकायत आ रही हैं। गीता कॉलोनी, श्रीनगर कॉलोनी, मॉडल टाउन व अन्य कई कॉलोनियों के लोगों ने गंदे पानी के सैंपल भी सार्वजनिक किए हैं। उन्होंने कहा शहर में पानी की सप्लाई लगभग आधी हो चुकी है। जिन कॉलोनी में दो समय पानी आता था वहां आज एक समय पर भी आधे घंटे के लिए पानी नहीं पहुंच पाता। बाहरी कॉलोनियों में तो पानी की सप्लाई ही नहीं हो रही है।

**अधिकारियों को बेनकाब करेंगे:** इन सभी पहलुओं को जनता के सामने बेनकाब करने के लिए भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी आने वाले समय में पीड़ित नागरिकों, भ्रष्टाचार की शिकायत करने वाले शिकायकर्ताओं व विशेषज्ञों को शामिल करते हुए एक जनसुनवाई आयोजित करेगी। इसके बाद पीने के पानी की व्यवस्था के परिवर्तन व भ्रष्टाचार के जिम्मेवार लोगों के खिलाफ कारवाई करवाने के लिए आन्दोलन चलाया जाएगा।

## सीएम फ्लाइंग ने सांपला पालिका का रिकॉर्ड खंगाला



- लोगों की शिकायत पर कार्रवाई
- सभी कर्मी मिले हाजिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांपला

सीएम फ्लाइंग की टीम ने गुरुवार को नगर पालिका कार्यालय पर छापेमारी की। करीब चार घंटे तक सीएम फ्लाइंग की टीम फाइलों को खंगालने में जुटी हुई थी। निरीक्षक टीम द्वारा नगरपालिका कार्यालय में दस्तक देते ही वहां हड़कंप मच गया। टीम की जांच में सचिव नरेंद्र कुमार सहित सभी कर्मचारी कार्यालय में हाजिर मिले। इसके बाद टीम ने एनडीसी व विकास कार्यों से संबंधित फाइलों को खंगालने का काम शुरू किया। यह काम करीब साढ़े तीन बजे तक जारी था। सीएम फ्लाइंग टीम के पहुंचने से कर्मचारियों में हड़कम्प मचा रहा।

जानकारी के अनुसार, सरकार को कई लोगों ने प्रॉपर्टी आईडी व प्रधानमंत्री आवास योजना संबंधित शिकायत की थी। लोगों को हो रही परेशानी की शिकायतें मिलने के बाद सीएम फ्लाइंग ने यह कार्रवाई की है। फ्लाइंग टीम ने स्वच्छता संबंधित प्रधानमंत्री आवास योजना ,प्रॉपर्टी आईडी के अलावा कई रिकॉर्ड की जांच की। निरीक्षक टीम का कहना है कि फिलहाल कोई गड़बड़ी नहीं मिली है। रिकॉर्ड की विस्तृत जांच करने के बाद रिपोर्ट तैयार की जाएगी। इससे पहले सीआईडी और सीएम फ्लाइंग टीम ने रोहतक नगर निगम की टैक्स ब्रांच में रिकार्ड की गहन जांच की थी। जिसके बाद चार अधिकारियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई करने के आदेश जारी किए गए थे।

## पिता का हत्यारोपित गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने गांव चमारिया में सोटे से वार कर अपने पिता की हत्या की वारदात में आरोपी बेटे को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। सदर थाना प्रभारी मुरारी लाल ने बताया कि 24 अप्रैल को पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव चमारिया में बेटे द्वारा पिता की हत्या करने की वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने तुंरत मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। मृतक युवक की पहचान चरत निवासी गांव चमारिया के रुप में हुई। मृतक युवक के बड़े बेटे अशोक की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू की गई है। जांच में सामने आया कि अशोक दो भाई है। छोटा भाई सत्यवान है जो नशा करने का आदि है। अशोक सुबह करीब 8 बजे सब्जी मंडी गया हुआ था। करीब 9:40 बजे अशोक के पास उसके चाचा के लड़के संदीप का फोन आया। संदीप ने अशोक को बताया कि सत्यवान ने चटनी बनाने वाले सोटे से वार कर पिता की हत्या कर दी है।

## कार डिवाइडर से टकराई , एक की मौत तीन महिलाओं सहित पांच लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांपला

- झज्जर के बहराना से सोनीपत गंगा घाट जा रहे थे

झज्जर- सोनीपत नेशनल हाईवे पर वीरवार की दोपहर को एक कार डिवाइडर से टकरा गई। जिसमें एक युवक की मौत हो गई। जबकि पांच घायल हो गए। घायलों में तीन महिला भी शामिल है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।



सांपला। हादसे में क्षतिग्रस्त कार।

जानकारी के अनुसार, जिला झज्जर के गांव बहराना निवासी 35 वर्षीय विपिन और पांच लोग बहराना से कार में सवार होकर सोनीपत गंगा घाट पर जा रहे थे। सोनीपत झज्जर नेशनल हाईवे नया पास बाईपास पर कार का संतुलन बिगड़ गया और ब्रिज के ऊपर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त की कार में सवार विपिन की मौके पर मौत हो गई और उसमें सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को राहगीरों ने रोहतक पीजीआई में भर्ती कराया गया। घटना की जांच कर रही सांपला पुलिस के कर्मचारी राजेश कुमार ने बताया कि सभी लोग बहराना गांव से गाड़ी में सवार होकर सोनीपत गंगा घाट जा रहे थे। परिवार में किसी की मौत होने पर उसकी अस्थी गंगा में विसर्जित करने जा रहे थे। नया बांस गांव के बाईं पास पर कार का संतुलन बिगड़ गया और गाड़ी डिवाइडर से टकरा गई।

## कूरियर देने के बहाने घर में घुसे बदमाश, महिला ने चेन छीनने का विरोध किया तो चाकुओं से गोदा

### महिला के हाथ पर पांच और पेट में चाकू के दो घाव, पीजीआई में उपचाराधीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

वीरवार दोपहर को कस्बा महम में एक महिला अपनी पांच साल की बेटी को स्कूल से लाई थी और बेड रूम में उसे खाना खिला रही थी।

- बदमाश चेन, मंगलसूत्र व पर्स छीन कर फरार, पीड़िता के बयान पर केस दर्ज

इसी दौरान दो बदमाश घर में घुसे और किसी तेजधार हथियार से उस पर हमला कर उसे बुरी तरह लहुलुहान कर दिया। गंभीर अवस्था में महिला को उपचार के लिए रोहतक पीजीआई में भर्ती करवाया गया है।



महम। घटनास्थल पर पड़े खून के धब्बे।

### वार्ड आठ में हड़कंप

घटना वार्ड आठ के एक मकान की है। पीड़ित महिला शहर के सुरेंद्र कुमार रोहिल्ला की पत्नी हैं, जिनकी मेन बाजार में कमल टेलर के नाम से दुकान है। महिला गीता पत्नी सुरेंद्र अपने घर में थी । उसी समय दो युवक पार्सल देने के बहाने अंदर दाखिल हुए। कमरे में पहुंचकर बदमाशों ने महिला के गले से चेन छीनने का प्रयास किया। विरोध करने पर महिला पर चाकुओं से हमला कर दिया।

महिला ने शोर मचाया तो मौका पाकर बदमाश भाग गए तथा आपे साथ महिला के गले की चेन, मंगलसूत्र व पर्स छीन ले गए। घटना सूचना पुलिस को सूचना दी गई । उसके बाद परिजन महिला को महम के अस्पताल में लेकर गए जहां से उसे रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया।

महिला के पति सुरेंद्र रोहिल्ला ने बताया कि उसकी पत्नी गीता को पांच चाकू हाथों में तथा दो चाकू पेट में लगे हैं ।

### इलाके के सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

वारदात के बाद स्थानीय पुलिस जांच में जुटी है। आस पास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। डीएसपी संदीप कुमार और थाना प्रभारी सत्यपाल ने घटनास्थल का दौरा किया है । चौकी प्रभारी बिजेंद्र ने बताया कि पीड़ित महिला के बयान दर्ज किए गए हैं। शहर में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। जल्दी ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### पार्षद बोले, घर में भी सुरक्षित नहीं लोग

वार्ड 8 के पार्षद विनोद गोयल भी वारदात स्थल पर पहुंचे। एमसी विनोद गोयल ने कहा कि महम शहर में लोग अब तो घर में भी सुरक्षित नहीं रहे। शहर के लोगों को सुरक्षित माहौल प्रदान करने की मांग को लेकर महम शहर के सभी पार्षद पुलिस के उच्च अधिकारियों से मिलेंगे।






एंज्वॉयमेंट / शिखर चंद जैन

अगले महीने से समर वेकेशन यानी गर्मी की छुट्टियां शुरू हो जाएंगी। इस दौरान हो सकता है, तुम किसी हिल स्टेशन पर या दादी-नानी के घर घूमने जाओ। लेकिन अगर तुम कहीं नहीं जा रहे हो तो कुछ ऐसी क्रिएटिव-एंटरटेनिंग एक्टिविटीज कर सकते हो जिसमें तुम्हें मजा तो आएगा ही बहुत कुछ नया सीखने को भी मिलेगा। ऐसे ही कुछ आइडियाज के बारे में जानो।

# समर वेकेशन को बनाओ क्रिएटिव-एंटरटेनिंग

गर्मी की छुट्टियों में अगर कहीं घूमने का प्लान ना हो तो बच्चे घर में बोरियत महसूस करने लगते हैं। ऐसा तुम्हारे साथ ना हो इसके लिए आने वाली समर वेकेशन के लिए क्या तुमने कोई प्लानिंग की है? अगर नहीं तो हम तुम्हें यहां बता रहे हैं, वेकेशन के बेस्ट यूज करने के आइडियाज।

## बनाओ कलर्ड कॉमिक्स

बच्चों, तुम खूब कहानी और कॉमिक्स पढ़ते ही होगे, लेकिन कितना मजा आए अगर तुम खुद अपनी लिखी हुई किसी कहानी के आधार पर खूब सारे रंगीन चित्र बनाओ और अपना खुद का कॉमिक्स तैयार करो! अगर तुम खुद कहानी न लिख पाओ तो किसी रोचक घटना के आधार पर या फिर अपनी पढ़ी हुई किसी पसंदीदा कहानी के आधार पर स्केच पेन या क्रेयॉन कलर्स के इस्तेमाल से एक प्लेन पेपर नोटबुक में कॉमिक्स बना सकते हो। हो सके तो अपने दोस्तों को भी इसके लिए मोटिवेट करना फिर सब एक-दूसरे की तैयार की गई कॉमिक्स मजे से पढ़ना।

## बालकोनी में लगाओ बर्ड फीडर

गर्मी के दिनों में जैसे चिलचिलाती धूप, उमस और प्यास से हम बेचैन हो जाते हैं, वैसे ही पशु-पक्षी भी परेशान रहते हैं। तुम चाहो तो अपने घर की बालकोनी, छत या सामने पड़ी खाली जगह को एक शानदार बर्ड फीडिंग स्टेशन बना सकते हो। यहां पक्षियों के लिए पानी से भरे कुंडारे, बड़े सिकोरे या अन्य बर्तन और उनके चुगने की व्यवस्था करने के लिए दाने भरे फीडर लगा सकते हो। इससे पक्षियों को दाना-पानी तो मिलेगा ही तुम्हें भी उनकी अठखेलियां



देखने और मधुर चहचहाहट सुनने का मौका मिलेगा। इस स्टेशन पर जब गौरैया, कबूतर, तोते और मैना आदि तरह-तरह के पक्षी सुबह शाम जुटेंगे तो तुम्हें बहुत अच्छा लगेगा।

## बनाओ पजल्स और गेम्स

गेम्स और पजल्स खेलने में तो खूब मजा आता है। लेकिन कितना अच्छा हो कि अपनी कल्पनाशक्ति से तुम खुद ही नए-नए गेम्स और पजल्स बना डालो। जिगशॉ पजल बनाने के लिए किसी प्रसिद्ध इमारत, पक्षी या सेलिब्रिटी की तस्वीर लेकर उसे कार्डबोर्ड पर चिपका दो। फिर इसे जगह-जगह से काट कर



अलग कर दो। इसी तरह-तरह कोई अलग सा बोर्ड गेम बनाकर तुम अपने फ्रेंड्स के साथ खेल सकते हो।

## करो वाल पेंटिंग

अगर तुम्हारे घर के सामने या पिछवाड़े में कोई बगीचा है या छत पर तुमने गमले वगैरह रखे हैं या फिर बरामदे की बाहरी दीवारें रास्ते की तरफ से नजर आती हैं तो तुम यहां सुबह या शाम के समय सुंदर-सुंदर पेंटिंग बनाकर इन दीवारों को सजा सकते हो, इन्हें आकर्षक बना सकते हो। फूलों, पक्षियों, तितलियों आदि के चित्र से दीवारें बहुत सुंदर नजर आएंगी। साथ ही तुम्हें म्यूरल पेंटिंग की प्रैक्टिस का मौका भी मिलेगा। इसी तरह तुम चाहो तो प्लांटर्स और गमलों को भी तरह-तरह के पेंट से सजाकर उन्हें आकर्षक लुक दे सकते हो।

## बनाओ फैमिली हिस्ट्री बुक

कई बार तुम्हें अपने मम्मी-पापा के मम्मी-पापा का नाम तो पता होता है लेकिन इसके बाद यानी परदादा-परदादी, परनाना-परनानी का नाम मालूम नहीं होता। इन छुट्टियों में तुम अपनी फैमिली ट्री को जानने की कोशिश कर सकते हो। मम्मी-पापा से उनके जन्मस्थान, वहां से जुड़ी बातें, खास रीति-रिवाज, वहां का विशेष खान-पान, उनकी खास यादें और उनके पैरेंट्स के साथ-साथ ग्रैंड पैरेंट्स का नाम भी पूछो। इन सारी बातों को चित्रों और तस्वीरों के साथ एक नोटबुक में सुंदर तरीके से लिखो। जन्म स्थान के गांव, कस्बे या शहर की कोई जानकारी भी लिखो। अपने नजदीकी रिश्तेदारों की भी जानकारी भी इसमें लिख सकते हो। यह सब जानकर तुम्हें बहुत अच्छा लगेगा और तुम जो नोटबुक बनाओगे, वह अपने आप में एक फैमिली डॉक्यूमेंट जैसा बन जाएगा।

## सीखो नई स्किल

इन छुट्टियों का इससे अच्छा उपयोग और क्या होगा कि तुम इस दौरान कोई नई स्किल सीख लो। समर वेकेशन में नई भाषा, कोई म्यूजिकल



इंस्ट्रूमेंट बजाना, क्राफ्ट वर्क जैसे पेपर क्विलिंग, ओरिगामी, डेकोपेज (किसी वस्तु पर विशेष कलर इफेक्ट, सजावटी चीजों के साथ रंगीन कागज के कट आउट चिपकाकर उन्हें सजाने की कला) जैसी कलाएं सीखने में बहुत मजा आएगा। जब तुम कोई नई स्किल, भाषा या आर्ट सीख लोगे तो स्कूल खुलने पर अपने दोस्तों के सामने उसका प्रदर्शन करके अपना इंप्रेशन भी जमा सकोगे और टीचर भी खूब शाबासी देंगे। तो बच्चों, यहां दिए गए आइडियाज में से कोई भी आइडिया सेलेक्ट करके तुम आने वाली समर वेकेशन को खूब क्रिएटिव और एंटरटेनिंग बना सकते हो। *

---

कुछ बच्चे बहुत जिज्ञासु स्वभाव के होते हैं। वे किताबें पढ़कर, अपने से बड़ों से सवाल करके अपनी नॉलेज बढ़ाते रहते हैं। हिमानी भी इन्हीं बच्चों में से है। एक दिन उसने अपने दादा जी से सवाल किया कि समुद्र का पानी खारा क्यों होता है? दादा जी ने उसे जो जानकारी दी, तुम्हारा जानना भी जरूरी है।

# समुद्र का पानी क्यों होता है खारा

नॉलेज जोन / अशोक जोशी

हिमानी की आदत है, वह स्कूल में सिर्फ अपने टीचर से ही नहीं, घर पर अपने दादा जी या पापा से भी ऐसी जानकारियां लेती रहती है, जिससे उसका ज्ञानवर्धन हो। हिमानी का स्वभाव अपनी हर जिज्ञासा को शांत करना है। कई दिनों से उसके दिमाग में एक प्रश्न कौंध रहा था कि समुद्र का पानी खारा क्यों होता है? आज उसने अपने दादा जी से यह सवाल पूछ ही लिया। हिमानी ने जानना चाहा, 'दादा जी, सारी नदियां जाकर समुद्र से मिलती हैं। नदियों का पानी मीठा रहता है, जबकि सारी नदियों का पानी समाहित



करने वाले समुद्र का पानी खारा होता है। मेल-जोल का परिणाम तो मीठा होना चाहिए। लेकिन नदियों और सागर का संगम खारा क्यों?'

दादा जी मन ही मन हिमानी के इस प्रश्न पर खुश हुए फिर बोले, 'शाबास बेटा, तुम जिस तरह अपनी नॉलेज बढ़ाने के लिए प्रश्न पूछती रहती हो, यह बहुत अच्छी बात है।' एक पल रुककर दादा जी आगे बोले, 'हां, हिमानी बेटा मैं भी यही मानता हूं कि मेल-जोल का परिणाम तो मीठा होना चाहिए। लेकिन इस मेल-जोल में किसी तरह की मिलावट नहीं होनी चाहिए। जब नदियां अपने स्रोत से निकलती हैं तो मीठी और साफ ही होती हैं। लेकिन समुद्र तक पहुंचते-पहुंचते रास्ते में इनमें कारखानों से निकलने वाली गंदगी और हमारे द्वारा डाले जा रहे कचरे के कारण ये गंदी हो जाती हैं। जब समुद्र में नदियों के साथ इतनी अशुद्धियां और इतनी गंदगी और प्रदूषण आता है तो इसका खारा होना स्वाभाविक ही है। यह तो हमारे समझने की बात है। लेकिन यदि विज्ञान की दृष्टि से देखा जाए तो महासागरों और समुद्रों के पानी में सबसे अधिक क्लोरीन और सोडियम के आयन मौजूद होते हैं। ये दोनों आयन मिलकर महासागरों में घुले आयनों का 85 फीसदी हिस्सा बनाते हैं। इसके बाद मैग्नीशियम और सल्फेट 10 फीसदी हिस्सा बनाते हैं। इनके अलावा बाकी आयनों की मात्रा बहुत कम होती है। इसलिए हमें समुद्र का पानी हमेशा खारा लगता है। दूसरा कारण खारे पानी का यह है कि समुद्रों में सबसे ज्यादा नमक नदियों से आता है। कहा जाता है कि बारिश का पानी थोड़ा अम्लीय होता है, जब यह पानी जमीन की चट्टानों पर पड़ता है, तो उसका अपरदन कर देता है, इससे बनने वाले आयन नदी के रास्ते समुद्रों में मिल जाते हैं। इससे समुद्र का पानी खारा होता रहता है।' दादा जी ने हिमानी से पूछा, 'क्या तुम बता सकती हो कि दुनियाभर के समुद्रों में कितना नमक होता होगा?

'नहीं दादा जी..।' हिमानी ने ना में सिर हिला दिया। दादा जी ने बताया, 'अमेरिका के नेशनल ओशियाना और एटमोस्फियरिक एडमिनिस्ट्रेशन के अनुसार यदि सभी समुद्रों से पूरा नमक निकाल कर जमीन पर फैला दिया जाए तो उसकी परत 500 मीटर ऊंची हो जाएगी।' 'अरे बाप रे! कहते हुए हिमानी ने आश्चर्य से अपनी आंखों की पुतलियां घुमा दीं, जिसे देखकर दादा जी को हंसी आ गई। हिमानी भी दादा जी के साथ हंस पड़ी। *



---

## जीके क्विज-101

1. पिछले दिनों आईपीएल के इतिहास में सर्वाधिक शतक लगाने वाले खिलाड़ी कौन बने हैं?
2. हाल ही में किस 17 वर्षीय शतरंज खिलाड़ी ने सबसे कम उम्र में कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर विश्व रिकॉर्ड बनाया?
3. अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस कब मनाया जाता है?
4. किस अंग्रेज को मुगल शासक जहांगीर ने 'खान' की उपाधि से सम्मानित किया था?
5. भारत छोड़ो आंदोलन का नेतृत्व किसने किया था?
6. भारत में हरित क्रांति का जनक किसे माना जाता है?
7. एक्स-रे की खोज किस भौतिक वैज्ञानिक ने की थी?
8. भारतीय संविधान सभा के पहले अंतरिम अध्यक्ष कौन थे?
9. 'भारत-भारतियों के लिए', यह नारा किस महापुरुष ने दिया था?
10. संसार का सबसे छोटा पक्षी कौन-सा है?



बच्चों, जीके क्विज-101 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-100 का उत्तर :** 1. मीराबाई चानू, 2. 24 अप्रैल, 3. गगनशक्ति-2024, 4. लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो, 5. मंगूभाई सी. पटेल, 6. ईरान, 7. शुक्र, 8. नाइट्रस ऑक्साइड, 9. ऑर्निथोलॉजी, 10. अबुल फजल

**जीके क्विज-100 का सही उत्तर देने वाले :** आकांक्षा-अहमदाबाद, शिवाय-भोपाल, येणु-धमतरी, कबीर-हिसार, रश्मि-जबलपुर, ईशान-अहमदाबाद, तानिया-धमतरी, राहुल-हिसार, सरबजीत-करनाल, वेदांत-मेल से, पाखी-बिलासपुर, नितिन-कोरबा

## हंसगुल्ले

**मम्मी :** खरगोश और कछुए की कहानी से क्या शिक्षा मिलती है?
**गोलू:** मम्मी, यही कि रेस भले ही हार जाओ, पर नींद पूरी होनी चाहिए।
-अंकेश, रायपुर

**टीचर :** पानीपत की दूसरी लड़ाई के बाद क्या हुआ?
**राजू :** सर, इतिहास की किताब में रटने के लिए एक और चैप्टर बढ़ गया।
-शांतनु, भिलाई

**टीचर :** बताओ, अंग्रेजों के खिलाफ पहली क्रांति कब हुई थी?
**रोनित :** सर, मुझे कैसे पता होगा? मैं तो उस वक्त था ही नहीं।
-नेहा, भोपाल

**साइंस टीचर :** बच्चों, सभी ग्रह अपनी-अपनी कक्षा में घूमते रहते हैं।
**कुणाल :** सर, अगर वे अपनी-अपनी कक्षा में घूमते रहते हैं, तो पढ़ते कब हैं?
-ज्योत्सना, रोहतक




---

कहानी

हरीशचंद्र पांडे

रोनित ने रविवार के दिन घर में रहकर कोई अच्छा काम करने की सोची। जब अच्छा काम करने लगा तो सब उल्टा-पुल्टा होने लगा। उसके कुछ समझ में नहीं आ रहा था कि ऐसा क्यों हो रहा है? अंत में उसकी बुआ जी के आने से माजरा एकदम उसके पक्ष में बन गया।

# सबसे प्यारा रोनित!



रोनित सुबह से यही सोच रहा था, आज रविवार है, कोई अच्छा काम करे, लेकिन क्या करे? यही सोचता हुआ वह बिस्तर से उठकर बाहर बरामदे में आ गया। इधर-उधर गौर से देखा, सोच-विचार किया, उसके दिमाग में आया, 'अरे! गमले के पौधे प्यासे हैं, इन्हें पानी दिया जाए।' पास ही नल के नीचे बाल्टी भरी हुई दिखी, उसने तुरंत उसे उठाया और सारा पानी गमलों में डाल दिया। तभी मम्मी जोर से चिल्लाईं, 'अरे! यह पानी तो दादा जी के नहाने के लिए था। गमले में तो मैंने अभी-अभी पानी डाला है। रोनित तुम भी क्या करते रहते हो...!'

'अरे मम्मी! सॉरी...।' कहकर रोनित वहां से सरपट भागा। भागकर पापा के कमरे में आया। वहां देखा, पापा आराम कुर्सी पर बैठकर मजे से टीवी देख रहे हैं। रोनित ने उनको टोका, 'पापा उठिए और सीधे बैठ जाइए। आप तो बहुत गलत ढंग से बैठे हैं। इसीलिए आपकी पीठ और कमर में दर्द रहता है।' 'अरे, बेटा आज रविवार के दिन यह लेक्चर क्यों दे रहे हो? इसी तरह आराम से बैठे रहने दो।' पापा बैठे-बैठे बोले।

'हमारी योगा टीचर कहा करती हैं, यह बैठने का गलत तरीका है। उठिए और सीधे बैठिए।' रोनित ने पापा से फिर कहा।

तभी पापा के मोबाइल पर किसी का फोन आ गया। वह सीधे खड़े हो गए और टहल-टहल कर बात करने लगे। रोनित की सलाह बेकार चली गई।

रोनित अपने बड़े भैया के पास अजीब-सी शक्ल बनाकर पहुंचा। वह खिड़की से बाहर पड़ोसी चौधरी अंकल के पेड़ के पके-पके अमरूद ध्यान से देख रहे थे। रोनित को लगा, भैया को अमरूद खाना है। वह बोला, 'ओह, मेरे बड़े भैया, मैं कब आपके काम आऊंगा?' यह कहकर वह झट से स्टोररूम में गया, वहां से एक डंडा ले आया। भैया ने मुड़कर देखा, चौंक कर बोले, 'रोनित यह क्या शरारत है?'

वह तुरंत बोला, 'आपके लिए अमरूद तोड़ूं, इसीलिए मैं डंडा लाया हूं।'

'ओहो! तुम्हें पता है यह पेड़ हमारा नहीं है। तब भी तुम डंडा ले आए। कमाल करते हो, लगता है तुम्हारे पास कोई काम नहीं है। चलो, अब यह डंडा वहीं रखो जहां से लाए हो।' भैया ने रोनित को डांटा।

रोनित ने उलटे पैर जाकर डंडा उसी जगह पर रख दिया। तभी उसे अपने बगीचे में माली काका आते दिखे। उसने सोचा, माली काका बहुत बुजुर्ग हैं। अब इनका हाल-चाल पूछ लेता हूं। यह सोचकर वह बाहर आया और झुककर नमस्ते कर के बोला, 'नमस्ते माली काका, आप कैसे हैं?'

माली काका को हंसी आ गई। वह रोनित से बोले, 'अरे अच्छे हैं बेटा।'

'अच्छा, आप सचमुच बहुत अच्छे हैं।' एक पल रुककर रोनित ने फिर पूछा, 'कैसे हैं माली काका आप, अच्छे हैं ना?'

'अरे बिटवा तुम्हें क्या हो गया है? बार-बार काहे हाल-चाल पूछ रहे हो, चलो हमको काम करने दो।' हंसते हुए यह कहकर माली काका अपने काम में लग गए।

रोनित अब पहुंचा अपने दादा जी के पास। वह चुपचाप बैठे थे। रोनित उनकी खामोशी की वजह समझ गया। वह दादा जी से बोला, 'अच्छा तो आपने फिर से मम्मी-पापा से छुपकर चीनी खाई है।'

'अरे रोनित, क्या बोल रहे हो! तुम्हारे मम्मी-पापा सुन लेंगे तो आफत कर देंगे। जरा धीरे से बोलो।' दादा जी मुंह पर अंगुली रखते हुए बोले।

रोनित आहिस्ता से बोला, 'हां... हां... आपने जरूर चीनी खाई है, शुगर बढ़ गई है, इसीलिए चुपचाप बैठे हैं। है ना दादा जी!'

दादा जी को डर था कि रोनित के मम्मी-पापा चीनी वाली बात सुन ना लें। इसलिए वह रोनित से बोले, 'अब तुम चुपचाप ही बैठो तो सही रहेगा।'

'तो ठीक है दादा जी, मैं अब चुपचाप ही रहता हूं। आज सुबह जब से जागा हूं, तब से कोई मेरी सुन ही नहीं रहा।' रोनित चुपचाप एक ओर जाकर बैठ गया।

'अरे, मैं तो सुन रही हूं।' किसी ने पीछे से थपकी दी। रोनित ने मुड़कर देखा, सामने बुआ जी खड़ी हुई थीं। वह जोर से चहका, 'अरे बुआ जी आप..!'

'अरे हां रोनित, तुमने कितनी प्यारी चिट्ठी लिखी थी। मैं उसे पढ़ते ही यहां आ गई। बेटा, तुम हो सबसे प्यारे और यह देखो मैं तुम्हारे लिए टी-शर्ट लाई हूं। देखो, इसमें क्या लिखा है, सबसे प्यारा रोनित।'

'वाह! थैंक क्यू मेरी प्यारी बुआ!' खुशी से उछलते हुए रोनित बोला।

घर के लोग रोनित की बुआ जी के आने से बहुत खुश थे। रोनित अपनी बुआ जी के साथ बैठकर मीठी गपशप में लग गया था। परिवार के लोग भी बैठे उनकी बातें हंसते हुए सुन रहे थे। *

---

कविता

इंद्रजीत कौशिक




## फुग्गे

फुग्गे वाला फुग्गे लेकर
जब मेले में आया,
ले-लो, ले-लो फुग्गे ले लो
कह कर के चिल्लाया।
नीले, पीले, हरे, गुलाबी
कुछ का रंग था लाल,
बन मतवाले झूम रहे थे
फुग्गे बड़े कमाल।
बच्चों ने जब फुग्गे देखे
झटपट दौड़े आए,
एक नहीं दो-दो लेकर के
मन ही मन हर्षाए।
लेकर फुग्गे बच्चों ने जब
उन्हें हवा में छोड़ा,
ऐसे उड़े हवा में वे तो
जैसे चेतक घोड़ा।

---

## अंतर बताओ

बच्चों, यहां एक जैसे दिख रहे दो चित्रों में 6 अंतर मौजूद हैं। इन दोनों चित्रों को ध्यान से देखो और पांच मिनट में सभी अंतर खोजो।



उत्तर- 1.बायीं तरफ खड़ी लड़की के बगल में खड़े डॉग का मुंह बंद है।, 2.दाहिनी ओर खड़ी लड़की के साथ वाले डॉगी का दायां हाथ उठा हुआ है।, 3.बीच वाला लैंप-पोस्ट गायब है।, 4.बायीं तरफ से तीसरी बिल्डिंग गायब है।, 5.बीच में खड़े लड़के की दायीं आस्तीन मुड़ी हुई है।, 6.पीछे दायीं ओर खड़े लड़के के बगल में एक डॉगी है।

## गिनकर बताओ

बच्चों, यहां दिए गए इस चित्र में कई सारे पक्षी दिख रहे हैं। तुम्हें गिनकर बताना है कि इस चित्र में कुल कितने पक्षी हैं?



उत्तर-17

## बताओ कौन-सा है जानवर



1
एक डाल से दूसरी डाल पर,
उछल-कूद से मेरा नाता,
नकल करने में हूं उस्ताद,
केला बड़े शौक से खाता।



2
घने बालों वाला मैं प्राणी,
शहद मुझे बहुत भाता।
सुस्तराम सब कहते मुझे,
खिलौनों से मेरा है नाता।

3
रेगिस्तान का जहाज हूं मैं,
कम पानी में करता गुजारा।
विशालकाय है मेरा शरीर,
उस पर है इक कूबड़ न्यारा।

4
उम्र मेरी लंबी बहुत,
शरीर वज्र सा मजबूत।
धीमी गति से चलता मैं
निरंतरता का देता सुबूत।

-डॉ. अलका जैन 'आराधना'

उत्तर : 1. बंदर 2. भालू 3. ऊंट 4. कछुआ

## खबर संक्षेप

### एसजेके कॉलेज में विदाई समारोह आयोजित

**रोहतक।** सत जीन्दा कल्याणा महाविद्यालय कलानौर में बीए तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन हुआ। विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य, चुटकुले एवं शायरी की प्रस्तुति दी। समारोह का उद्घाटन कॉलेज प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार दुआ ने किया और उन्होंने विद्यार्थियों को भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दी व जीवन में आदर्श विचारों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### रोजगार कौशल विषय पर हुआ व्याख्यान

**रोहतक।** वैश्य कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के डिपार्टमेंट आफ मैनेजमेंट स्टडीज विभाग ने रोजगार कौशल विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया। संस्था के प्रधान नवीन जैन ने कहा कि रोजगार आज हर किसी की जरूरत है तो इस विषय पर चर्चा भी आवश्यक है। गवर्निंग बॉडी मेंबर राजेश नवल और सन्नी गोयल ने कहा कि कॉलेज पढ़ाई के अलावा खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम और शोध पर भी पूरा ध्यान देता है।

### शरीरिक एवं मानसिक मजबूती के दिए टिप्स

**रोहतक।** तिलियार लेक स्थित होटल प्रबंधन संस्थान में वीरवार को छात्रों के लिए करो योग रहो निरोग नामक कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए संस्थान के व्याख्याता विकास देशवाल ने बताया कि इस कार्यशाला में मुख्यवक्ता के तौर पर योगाचार्य डॉ सुमित सुहाग ने शिरकत की। मुख्यवक्ता का स्वागत करते हुए संस्थान के प्रधानाचार्य मोहम्मद शाहिद हसनैन ने उनका संस्थान में पहुंचने पर आभार व्यक्त किया और छात्रों से योग को दैनिक जीवन मे अपनाने का आह्वान किया।

### वैश्य कॉलेज में हुआ व्याख्यान

**रोहतक।** वैश्य महाविद्यालय के भूगोल विभाग के तत्वाधान विस्तार व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता ने विद्यार्थियों को रिमोट सेंसिंग का जीवन में क्या महत्व है इस विषय में बताया। अजय देशवाल ने विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, जीआईएस, पाइथन आदि की जीवन में क्या उपयोगिता है इस विषय में विस्तार से बताया। राजेश चौहान सीनियर टेक्निकल इंस्ट्रक्टर स्काईलाइन इंस्टिच्यूट ने विद्यार्थियों को पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कौशल विकास के बारे में बताया।

### गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों का किया जा रहा निरीक्षण

**महम।** गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों की लिस्ट भेजने के लिए ब्लॉक के कलेक्टर अध्यक्षों को आदेश दे दिए गए हैं कि जल्द ही इनकी सूचना जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पहुंचाई जाएगी। यह बातें खंड समन्वयक अधिकारी पुष्पा शर्मा ने वीरवार को पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित चार दिवसीय अध्यापक ट्रेनिंग वर्कशॉप के समापन पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंचने पर कहे। उन्होंने कहा कि जिन भी स्कूलों में स्कूल वाहन सभी शर्तों को पूरा नहीं करते हैं उनकी जांच करके उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# गुलाबी गैंग फैला रहा रायता, जनता वोट से देगी जवाब विरोध नहीं, वोट से चोट करें जनता

वीरवार की देर रात कांग्रेस की सूची जारी होने से पहले ही रोहतक में दीपेंद्र व डॉ. अरविंद के बीच वाकयुद्ध चरम पहुंच गया। गांवों में हो रहे भाजपा उम्मीदवार के विरोध पर वीरवार को डॉ. अरविंद शर्मा ने हुड्डा के घर किलोई से बड़ा हमला बोलते हुए कहा गुलाबी गैंग किसानों का चोला ओढ़कर विरोध का रायता फैला रहा है। जिसे जनता पहचान चुकी है तथा वोट से इसका जवाब देगी। जिसके जवाब में दीपेंद्र हुड्डा ने मोर्चा संभालते हुए कहा कि जनता को भाजपा व जजपा उम्मीदवारों का विरोध करने की बजाय वोट की चोट से उनके कर्मों का हिसाब करना चाहिए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भाजपा प्रत्याशी डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि भाजपा के कार्यक्रमों में विरोध करने वालों का खुलासा हो चुका है। यह गुलाबी गैंग के लोग है, जोकि कार्यक्रमों में खलल डाल रहे है और जनता इन्हें भली भांति पहचान चुकी है और वोट की चोट से इसका जबाव देगी। उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम हुड्डा को जनता के सामने जबाव देना चाहिए कि आखिर उन्होंने विधानसभा में गढ़ी सांपला किलोई के लिए कितनी बार आवाज उठाई है। उन्होंने कहा कि सिर्फ चौधर के नाम पर लोगों को गुमराह करके सता हथियाई और बाद में चौधर अपने परिवार के सदस्यों को सौंप दी। वीरवार को भाजपा सांसद ने गढ़ी सांपला किलोई के कई गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया।

इसके बाद भाई भतीजावाद चला और जमकर भ्रष्टाचार हुआ। उन्होंने कहा कि किलोई की जनता को सब पता है कि किस तरह से खर्ची पर्ची के नाम पर उन्हें लूटा गया। सांसद ने कहा कि इस बार रोहतक सीट पहले से अधिक मार्जन से भाजपा जीत दर्ज करेगी। डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल के दौरान हुई लूट को जनता नहीं भूली है और पूर्व सीएम हुड्डा का सीएम बनने का सपना कभी पूरा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि गढ़ी सांपला किलोई के लोगों को चौधर के नाम पर ठगा गया है और आज फिर वहीं नेता लोगों के बीच



जाकर मुख्यमंत्री बनने की बात करते है, जबकि सभी को पता है कि यह चुनाव प्रधानमंत्री बनाने का है ना कि मुख्ययमंत्री चुनने का है।

उन्होंने कहा कि हुड्डा तो दिन में भी सीएम बनने के सपने देखने लगे है और लोकसभा चुनाव को लेकर पूरी तरह से बौखलाए हुए है। उन्होंने कहा कि भाजपा के बढ़ते जनाधार को देखते हुए कांग्रेस के पास चुनाव लडने तक के उम्मीदवार तक नहीं है और एक तरह से चुनाव लडने को लेकर रस्साकस्सी चल रही है, इससे साफ है कि कांग्रेस पहले ही चुनाव में हार मान चुकी है। इस दौरान पूर्व मंत्री कृष्णमूर्ति हुड्डा ने कहा कि इस बार गढ़ी सांपला किलोई की जनता पिता पुत्र को सबक सिखा देगी और कांग्रेस शासनकाल के दौरान किए गए भ्रष्टाचार का जबाव दे देगी।



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राज्यसभा सांसद एवं रोहतक से कांग्रेस उम्मीदवार दीपेन्द्र हुड्डा ने कलानौर हलके में घर घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान के तहत विभिन्न गांवों में जनसंपर्क किया। इस दौरान दीपेन्द्र हुड्डा ने प्रदेश के मतदाताओं से अपील की कि जनता भाजपा और जजपा उम्मीदवारों को गांव में घुसने से रोकने की बजाय वोट की चोट से इनके कर्मों का हिसाब करें। 10 साल में किसान मजदूर, व्यापारी, कर्मचारी, पंच-सरपंच, ग्रामीण चौकीदार, महिलाएं, नौजवान, आशा वर्कर, खिलाड़ी समेत हर वर्ग इस सरकार से परेशान रहा है। सरकार में बैठे लोग अगर ये सोचते हैं कि हरियाणा की भोली-भाली जनता 10 साल में उनके द्वारा किए अत्याचारों को भूल जाएगी तो ये उनकी गलतफहमी है। प्रदेश की त्रस्त जनता बेसब्री से 25 मई का इंतजार कर रही है और चुनाव के दिन चुन-चुनकर इनके अत्याचारों का हिसाब करेगी। उन्होंने कहा कि बीजेपी के 60 प्रतिशत लोकसभा उम्मीदवार कांग्रेस की पृष्ठभूमि के हैं। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि मौजूदा बीजेपी सांसद शायद देश के पहले ऐसे सांसद होंगे जो 5 साल में क्षेत्र में एक धन्यवादी दौरा करने तक नहीं आए। दीपेन्द्र हुड्डा ने रोहतक लोकसभा चुनाव क्षेत्र में अपने कार्यकाल और वर्तमान बीजेपी सांसद के कार्यकाल में कामों की तुलना को सामने रखते हुए बताया कि रोहतक लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अकेला ऐसा क्षेत्र है जहां उन्होंने कुल 250 से ज्यादा सरकारी शिक्षण संस्थान स्थापित किए।

## एआरओ व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुआ प्रथम रेंडोमाइजेशन

# ईवीएम के प्रथम रेंडोमाइजेशन में विधानसभाओं को आबंटित की मशीनें

- जिले में 1546 बैलेट यूनिट, 936 कंट्रोल यूनिट तथा 1017 वीवीपैट की यूनिट उपलब्ध है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार, जिला के चारों विधानसभा क्षेत्रों के सहायक रिटर्निंग अधिकारियों तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में इलैक्ट्रोनिक वोटिंग मशीनों का प्रथम रेंडोमाइजेशन किया गया। इस रेंडोमाइजेशन के तहत कम्प्यूटरीकृत प्रणाली के माध्यम से जिला के चारों विधानसभा क्षेत्रों को इलैक्ट्रोनिक वोटिंग मशीनें आबंटित की गई। जिला में 1546 बैलेट यूनिट, 936 कंट्रोल यूनिट तथा 1017 वीवीपैट की यूनिट उपलब्ध है। इनमें से चारों विधानसभा क्षेत्रों के लिए 934 बैलेट यूनिट, 934 कंट्रोल यूनिट तथा 1016 वीवीपैट यूनिट आबंटित की गई है।

उपायुक्त अजय कुमार ने लघु सचिवालय स्थित सभागार में इलैक्ट्रोनिक वोटिंग मशीनों के प्रथम रेंडोमाइजेशन के अवसर पर कहा कि प्रथम रेंडोमाइजेशन के तहत इलैक्ट्रोनिक वोटिंग मशीनें एवं वीवीपैट की यूनिटों को विधानसभाओं को आबंटित किया गया है। प्रथम रेंडोमाइजेशन के दौरान राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की संतुष्टि के लिए 3 राउंड रेंडोमाइजेशन के किए गए तथा सभी की संतुष्टि के उपरांत प्रथम रेंडोमाइजेशन को अंतिम रूप दिया गया। प्रत्येक राजनीतिक पार्टी के प्रतिनिधियों को जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित रेंडोमाइजन की सूची सौंपी गई।



रोहतक। मीटिंग लेते हुए उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार।

### 29 अप्रैल से 6 मई तक 11 से दोपहर 3 बजे तक दाखिल किए जा सकेंगे नामांकन पत्र

उपमंडलाधीश एवं रोहतक विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग अधिकारी आशीष कुमार ने कहा कि प्रदेश में लोकसभा आम चुनाव के छठे चरण की प्रक्रिया 29 अप्रैल को नोटिफिकेशन जारी होने के साथ शुरू होगी। निर्धारित चुनाव कार्यक्रम के तहत 29 अप्रैल से 6 मई तक सुबह 11 से दोपहर बाद 3 बजे तक (रविवार राजपत्रित अवकाश को छोड़कर) नामांकन पत्र दाखिल किये जा सकेंगे। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नामांकन पत्र दाखिल करते समय कुछ हिदायतें जारी की गई है। इनमें रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय के 100 मीटर की परिधि में केवल 3 वाहनों को अनुमति होगी तथा उम्मीदवारके साथ नामांकन पत्र दाखिल करते समय केवल 4 व्यक्तियों को अंदर प्रवेश की अनुमति होगी। आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव के प्रत्याशी के लिए नामांकन फीस निर्धारित की गई है, जिसके अनुसार सामान्य वर्ग के लिए 25 हजार रूपये तथा अनुसूचित जाति वर्ग के लिए 12500 रुपये की राशि निर्धारित है।

### सुविधा ऐप से भी किया जा सकता है नामांकन

डीआईओ डॉ. जितेंद्र मलिक ने कहा कि आयोग द्वारा ऑनलाइन नामांकन के लिए सुविधा नामक ऐप विकसित की गई है। इस ऐप पर उम्मीदवार अपना मोबाइल नंबर डालकर ओटीपी वेरिफिकेशन के बाद नामांकन पत्र के पेज पर विस्तृत जानकारी भर सकते है। नामांकन पत्र के अलावा इस ऐप में शपथ पत्र व अनुमति भी उपलब्ध है।

### चार विधानसभा क्षेत्रों में 814 मतदान केंद्र

अजय कुमार ने कहा कि जिला के चारों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 814 मतदान केंद्र है। रेंडोमाइजेशन के तहत मतदान केंद्रों से 15 प्रतिशत अधिक इलैक्ट्रोनिक वोटिंग मशीनें तथा 25 प्रतिशत वीवीपैट यूनिट आबंटित की गई है। इनमें से 15 प्रतिशत इलैक्ट्रोनिक वोटिंग मशीनें तथा 25 प्रतिशत वीवीपैट यूनिट प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए आरक्षित की गई है। प्रथम रेंडोमाइजेशन के अनुसार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को आबंटित की गई इलैक्ट्रोनिक वोटिंग मशीनें तथा वीवीपैट की यूनिट सौंपी जायेंगी, जो संबंधित विधानसभा क्षेत्र के लिए बनाये गए स्ट्रॉग रूम में रखी जायेगी। दूसरी रेंडोमोइजेशन के तहत मतदान केंद्रों के लिए इलैक्ट्रोनिक वोटिंग मशीनें आबंटित होगी। उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि प्रथम रेंडोमाइजेशन के तहत महम विधानसभा क्षेत्र के कुल मतदान केंद्रों 217 के अनुसार 249 बैलेट यूनिट, 249 कंट्रोल यूनिट तथा 271 वीवीपैट, गढ़ी-सांपला-किलोई विधानसभा क्षेत्र के कुल मतदान केंद्रों 225 के अनुसार 258 बैलेट यूनिट, 258 कंट्रोल यूनिट तथा 281 वीवीपैट यूनिट, रोहतक विधानसभा क्षेत्र के कुल 170 मतदान केंद्रों के अनुसार 195 बैलेट यूनिट, 195 कंट्रोल यूनिट तथा 212 वीवीपैट यूनिट तथा कलानौर (आरक्षित) विधानसभा क्षेत्र के कुल मतदान केंद्रों 202 के अनुसार 232 बैलेट यूनिट, 232 कंट्रोल यूनिट तथा 252 वीवीपैट यूनिट आबंटित की गई है। विधानसभा क्षेत्र अनुसार आबंटित की गई इलैक्ट्रोनिक वोटिंग मशीनों तथा वीवीपैट मशीनों को संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को सौंपा जायेगा।

### बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को दी गई है घर से मतदान की सुविधा : एडीसी वैशाली सिंह

अतिरिक्त उपायुक्त एवं कलानौर (आरक्षित) विधानसभा क्षेत्र की सहायक रिटर्निंग अधिकारी वैशाली सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों अनुसार 85 वर्ष से अधिक आयु के चलने फिरने में असमर्थ मतदाताओं तथा दिव्यांग मतदाताओं को घर से मतदान की सुविधा दी जाएगी।



## सोनाक्षी ने स्केटिंग में जीता गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अस्थल बोहर स्थित श्री बाबा मस्तनाथ रेजिडेंशियल सैनिक विद्यालय की सातवीं कक्षा की छात्रा सोनाक्षी ने गुड़गांव में राज्य स्तरीय खेलो इंडिया फिटनेस राइट एसोसिएशन द्वारा आयोजित स्केटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया है। सोनाक्षी को स्वर्ण पदक व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। दोबारा गोल्ड मेडल जीतने पर सोनाक्षी को विद्यालय में निदेशक ग्रुप कैप्टन सुरेंद्र मोहन शर्मा, प्राचार्य सुरेंद्र सिंह व उप प्राचार्या अंजू मलिक द्वारा स्वर्ण पदक पहनाकर व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। यह प्रतियोगिता गुड़गांव में सेक्टर 65 में खेलो इंडिया फिटनेस राइट एसोसिएशन द्वारा आयोजित की गई थी। जिसमें सोनाक्षी ने स्केटिंग अंडर 14 में अपने खेल का बेहतर प्रदर्शन किया। इससे पहले सोनाक्षी ने रोहतक में होने वाले रोहतक फर्स्ट फिटनेट राइड जिला स्तरीय स्केटिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल हासिल किया था जो इंडस पब्लिक विद्यालय में आयोजित की गई थी। निदेशक ने बताया कि सोनाक्षी ने इससे पहले गत 8 अक्टूबर को राज्य स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता जो जेड ग्लोबल विद्यालय में आयोजित हुई थी उसमें अंडर 11 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल किया था। इतना ही नहीं सोनाक्षी ने जिला स्तरीय अंडर 11 स्केटिंग प्रतियोगिता में भी प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल किया था।

### राधिका ने कुराश प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक



**रोहतक।** बहुअकबरपुर स्थित एचडी पब्लिक स्कूल की ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा राधिका ने साउथ एशियन कुराश प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। स्कूल जूड़ो-कोच निखिल ने बताया कि यह प्रतियोगिता 19 से 21 अप्रैल तक कोच्चि केरल में आयोजित की गई थी।विद्यालय पहुंचने पर निदेशक सुरेंद्र फौगाट व प्राचार्य दुलाल देब ने खिलाड़ी राधिका व स्कूल कोच निखिल को बधाई दी व छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## पोस्टर से मलेरिया बचाव का दिया संदेश



रोहतक। जागरुकता संगोष्ठी में मौजूद छात्राएं।

रोहतक। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलानौर में सिविल अस्पताल कलानौर के सौजन्य से मलेरिया दिवस के अवसर पर जागरुकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में सिविल हॉस्पिटल का प्रतिनिधित्व करते हुए हेल्थ इंस्पेक्टर सतीश कुमार, मोहम्मद इकबाल, हेल्थ वर्कर मनोज कुमार, मनीष कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस दौरान विद्यालय की छात्राओं ने मलेरिया से बचाव एवं रोकथाम विषय पर अपने वक्तव्य रखे तथा पोस्टर बनाकर मलेरिया से बचाव का संदेश दिया। डॉक्टर सतीश कुमार ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य एक दूसरे पर निर्भर करते हैं। जहां शिक्षा स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता लाती है, वहीं स्वास्थ्य से शिक्षा के लिए स्वस्थ शरीर एवं मस्तिष्क का विकास होता है। हेल्थ इंस्पेक्टर मोहम्मद इकबाल ने कहा कि स्कूलों की प्रार्थना सभा में स्वास्थ्य संबंधी किसी टॉपिक पर चर्चा को भी जरूर शामिल किया जाना चाहिए। प्राचार्य देवेंद्र कटारिया ने चिकित्सकों की टीम का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सविता, रानी देवी, अलका, मीनू, मधु, विजय कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।



## पोजीट्रोन अस्पताल में फ्री मेगा कैंसर कैंप का हुआ आयोजन

**रोहतक।** सेक्टर 35 सनसिटी स्थित पोजीट्रोन अस्पताल में फ्री मेगा कैंसर कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें पीजीआई से सेवानिवृत हड्डी कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉक्टर जिले सिंह कुंडू, स्त्री कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संजय बडेसरा, कान, नाक व गला कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संदीप भूकर, कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मनोज तायल, कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मनीष शर्मा, पेट, आंत व लीवर कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अमित दांगी ने मरीजों की जांच की। अस्पताल के सीईओ अनिल यादव ने बताया कि बड़ी संख्या में पहुंच कर शहरवासियों ने इस शिविर का लाभ उठाया।

## छोटू राम बहुतकनीकी में 44 छात्रों का टैलब्रॉस कंपनी ने किया चयन



रोहतक। चयनित विद्यार्थियों के साथ प्राचार्य डॉ. सुभाष दहिया व टैलब्रॉस कंपनी के प्रतिनिधि राकेश।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

छोटू राम बहुतकनीकी में छात्रों के प्लेसमेंट के लिए टैलब्रॉस कंपनी के प्रतिनिधि राकेश अपनी टीम के साथ छात्रों के चयन के लिए उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. सुभाष दहिया ने कंपनी के प्रतिनिधियों का स्वागत किया। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर प्रवीण कोहार ने बताया कि छात्रों को कंपनी में रिक्रूट करने के लिए पहले तीन स्टेज की स्कुटनिंग से गुजरना पड़ा। जिनमें लिखित परीक्षा, इंटरव्यू आइक्यू टेस्ट शामिल रहे। कुल 44 छात्रों का चयन किया गया। जिसमें 11 छोटू राम बहुतकनीकी मैकेनिकल विभाग के छात्र रहे, इनमें प्रवीण, नितिन, आकाश, विशाल, अर्पित, दीपक, करण, रूद्र, नीरज, मनीष और लोकेश आदि है। प्राचार्य डॉ. सुभाष दहिया ने कंपनी के द्वारा चयनित छात्रों को बधाई और शुभकामनाएं दी। डॉ. सितेंद्र पावड़िया ने जानकारी दी कि सर छोटू राम पॉलिटेक्निक हरियाणा में सबसे पुराना और सर्वश्रेष्ठ तकनीकी शिक्षा प्रदान करने वाले संस्थान में से है। अतः कंपनियों का रूझान इसके छात्रों की प्लेसमेंट में अधिक रहता है।

## काजल ने जीता मिस फेयरवेल का खिताब

**रोहतक।** महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय के योग विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों द्वारा फ्रेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ. रश्मि लोहचब ने सभी छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें जीवन में ऐसे ही हस्ते-मुस्कुराते हुए रहने के लिए प्रोत्साहित किया। सभी छात्राओं ने मनमोहक अंदाज में अपनी-अपनी प्रस्तुतियां दी। पार्टी में मिस फ्रेयरवेल का ख़िताब एमए फाइनल इयर की छात्रा काजल ने हासिल किया। इस अवसर पर डॉ. सविता मलिक, डॉ. उर्मिल राठी, संगीता दलाल, ज्योति ग्रेवाल, ज्योती आर्या, डॉ. मुकेश गोयत, डॉ. कुसुमलता आदि रहे।

### सूचना

मैं, जय सिंह पुत्र श्री रत्न सिंह निवासी मकान नं. 65, वार्ड नं. 22, शेर विहार कालोनी रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र दिनेश व उसकी पत्नी प्रियंका दोनों मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# 25 मई को लोकसभा आम चुनाव में हर मतदाता करें मतदान : अजय कुमार

- अभी तक वोट न बनावने वाले पात्र व्यक्ति 26 अप्रैल तक नई वोट के लिए करें आवेदन
- जिला में शत-प्रतिशत मतदान के उद्देश्य से जारी है स्वीप अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार ने मतदाताओं का आह्वान किया है कि वे आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 में 25 मई को होने वाले मतदान में भाग लेकर लोकतंत्र को मजबूत करें। यदि किसी पात्र व्यक्ति का मतदाता सूची में किसी कारणवश अभीतक नाम दर्ज नहीं हो पाया है, तो वे 26 अप्रैल 2024 तक नई वोट बनवाने के लिए आवेदन करें।

अजय कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए स्वीप अभियान के तहत विभिन्न जागरूकता गतिविधियां निरंतर आयोजित की जा रही है। अतिरिक्त उपायुक्त एवं स्वीप की नोडल अधिकारी वैशाली सिंह की देखरेख में संबंधित विभागों द्वारा लगातार जागरूकता गतिविधियां आयोजित करवाई जा रही है। शिक्षा विभाग द्वारा एक तरफ जहां प्रातकालीन सभाओं में विद्यार्थियों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है, वहीं अभिभावकों के साथ जूम बैठके आयोजित करके भी उन्हें मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। विभिन्न विभागों द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नियमित रूप से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है तथा मतदाता शपथ भी दिलवाई जा रही है।



रोहतक। कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

HINDUSTAN TYRE CO.
ROHTAK
REQUIRED
Accountant-Cum-Godown Keeper-2
Interested Candidates may contact at 9992514802
Prop. HINDUSTAN CYCLES & TUBES (P) LTD.
Regd. Office G-3, Textile Colony, Indutrial Area A Ludhiana-141003.
Hissar Bye Pass, Opp. Nav Bharat Factory Near I.D.C.CHOWK, ROHTAK. (HARYANA)

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
COMPUTER OPERATOR (F) 4
COMPUTER OPERATOR (M) 4
PHARMACY STAFF 3
CHEMIST SHOP STAFF 2
WARD BOY 2
GATE KEEPER 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

सैक्स समस्यायें
M. 8689006190, 8708047093
मर्दाना ताकत, 7 दिन वाला कोर्स
नसों का ढीलापन अविकसित अंग धात, शीघ्रपतन, कम निल शुक्राणु स्त्री रोग, फिगर बनाएं
DR. K.K. SHOREN, B.A.M.S
जुनेजा मॉर्डन फार्मेसी
सैक्टर 2-3 पार्ट, 1866, नजदीक लिटल श्री स्कूल, रोहतक

## खबर संक्षेप

### शिविर में 36 लोगों ने किया रक्तदान

**रोहतक।** देशभक्ति स्मारक स्थल आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। राष्ट्र देवो भव मिशन अध्यक्ष संत बाबा सुखा शाह महाराज ने बताया कि शिविर समाजसेवी रूपेश भाटिया के जन्मदिन के अवसर पर लगाया गया। जिसमें 36 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर की अध्यक्षता अनुज चावला ने की। कलानौर से महंत बाबा हरपाल दास और रूपेश भाटिया ने सभी रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर बलदेव मिढ़ा,रा जू गांधी, अश्वनी शर्मा, हरीश मौजूद रहे।

### जांच शिविर में 100 मरीजों की हुई जांच

**रोहतक।** पीजीआइएमएस के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग द्वारा कबीर सत्संग भवन अर्बन हेल्थ सेंटर 3 में कबीर सत्संग भवन की कार्यकारी परिषद के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रोफेसर यूनिट 2 अध्यक्ष डॉक्टर मीना राजपूत ने किया। इस दौरान 100 से ज्यादा लोगों की मुफ्त जांच की गई।

### मच्छरों से निजात को स्वच्छता दिवस मनाया

**रोहतक।** स्वास्थ्य विभाग ने वीरवार को स्वास्थ्य दिवस मनाया। स्वास्थ्य कर्मचरियों ने जागरूकता रैली निकाली। सिविल सर्जन डॉ अनिल बिरला के आदेशानुसार स्कूल में ड्राइंग प्रतियोगिता तथा गांव करौंथा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नुक्कड़ नाटक के साथ-साथ ड्राइंग प्रतियोगिताआयोजित करवाई गई।

### विश्व बौद्धिक संपदा दिवस पर सेमिनार

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का सेंटर फॉर आईपीआर स्टडीज 26 अप्रैल को फार्मास्यूटिकल साइंसेज विभाग के सहयोग से विश्व बौद्धिक संपदा दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन करेगा। सेंटर फॉर आईपीआर स्टडीज के निदेशक एवं इस राष्ट्रीय सेमिनार के कंवीनर प्रो. हरीश दूरेजा ने बताया कि कुलपति प्रो. राजबीर सिंह बतौर मुख्यातिथि इस राष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ करेंगे।

# आईजी कार्यालय के पास युवकों का कार चालक पर हमला

**वारदात सीसीटीवी में कैद**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक






रोहतक। कार के टूटे हुए शीशे और पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हुई। *फोटो: हरिभूमि*

दिल्ली बाइपास स्थित आईजी कार्यालय के पास वीरवार शाम तीन-चार युवकों को एक कार चालक पर लाठी-टंडों से हमला कर दिया। आरोपियों ने कार के शीशे तोड़कर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। हमला करने के बाद युवक मौके से फरार हो गए। साथ ही राहगीरों ने घायल युवक को पीजीआई में भर्ती करवाया। जहां युवक का उपचार चल रहा है। हालांकि देर रात तक पुलिस को कोई शिकायत नहीं दी गई है। वारदात सीसीटीवी में कैद हुई है। बता दें कि बृहस्पतिवार की शाम करीब 5 बजे दिल्ली बाइपास स्थित पेट्रोल पंप पर एक कार चालक पर दूसरी कार में सवार तीन-चार युवकों ने हमला कर दिया। हमला करने के बाद तीनों युवक कार में तोड़फोड़ कर मौके से गाड़ी की चाबी लेकर फरार हो गए। वहीं, आस-पास के लोगों को घायल युवक को पीजीआई में भर्ती करवाया। घायल युवक का पीजीआई में उपचार चल रहा है। युवक के सिर पर डंडों से वार किया गया है। बताया जा रहा है कि घायल युवक करौंथा का रहना वाला है। हालांकि देर रात तक हमले की पुलिस को शिकायत नहीं दी गई थी।

# स्नैचिंग के आरोपी को पकड़ने पर दो युवाओं को एसपी ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



**रोहतक।** हेमंत व जतिन को सम्मानित करते पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग।

चमेली मार्केट में 21 अप्रैल को मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने एक महिला के पर्स छीनने की वारदात को अंजाम दिया गया।

पर्स में महिला के 1500 रुपये व एक मोबाइल फोन मौजूद था। चन्द्रकांता शिकायतकर्ता कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच के दौरान 21 अप्रैल को हेमंत व जतिन ने केस को ट्रेस करवाने व आरोपी को पकड़वाने में पुलिस सहयोग किया। पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग ने हेमंत व जतिन निवासी प्रताप मौहल्ला की बहादुरी के कार्य को देखते हुए प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया है। आरोपी को जेल भेजा जा चुका है।

## यातायात पश्चिम निरीक्षक ने मार्केट प्रधानों संग की मीटिंग

# रेलवे रोड से दो दिन में हटेगा अतिक्रमण, बन गई सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



**रोहतक।** दुकानदारों से बातचीत करते हुए प्रभारी यातायात पश्चिम निरीक्षक रविंद्र कुमार।

थाना यातायात पश्चिम निरीक्षक रविंद्र कुमार ने वीरवार को रेलवे रोड मार्केट के प्रधान व दुकानदारों के साथ मीटिंग की। मीटिंग का उद्देश्य बाजार में यातायात व सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त करना है। मार्केट प्रधानों व दुकानदारों के साथ सड़क पर अतिक्रमण ना हो इस बारे चर्चा की गई।

निरीक्षक ने कहा कि दो दिन के अंदर अतिक्रमण हटा दिया जाएगा। इस दौरान प्रभारी थाना शहर, मार्केट प्रधान व दुकानदार अजय जैन, हेमन्त बख्शी, संजय जैन, प्रभास जैन, शैलेश जैन, सुरेन्द्र, अंकित जैन, अशोक कुमार, संजय व अन्य मौजूद रहे। प्रभारी यातायात पश्चिम ने प्रधानों व दुकानदारों को संबोधित करते हुए कहा कि शहर में सड़के काफी चोड़ी है लेकिन अतिक्रमण व यातायात के दबाव के कारण हर वक्त जाम की स्थिती बनी रहती है। मार्केट में जाम होगा तो कोई भी व्यक्ति खरीदारी करने नही आएगा। दुसरी तरफ अगर मार्केट जाम मुक्त होगी तो दुकानदारों की सेल भी बढ़ेगी। जिला पुलिस द्वारा यातायात व सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए जाएंगे। सुरक्षा की दृष्टि से बाजारो में पुलिस द्वारा पैदल बढ़ाई जाएगी। पुलिस प्रशासन, जिला प्रशासन व दुकानदारों को मिलकर यातायात व सुरक्षा के बंदोबस्त करने होंगे। मार्केट एसोसिएशन के प्रधान और दुकानदारों मे सडक पर अतिक्रमण न करने पर सहमति बनी। उन्होंने कहा कि वो सभी दो दिन के अंदर अन्य दुकानदारों को भी अतिक्रमण न करने बारे में समझाया जाएगा व सामान को हटाया जाएगा। उसके बाद अगर कोई दुकानदार सड़क पर अतिक्रमण करता है तो उसके खिलाफ जिला पुलिस अपनी नियमानुसार कार्रवाई कर सकती है। मार्केट एसोसिएशन जिला पुलिस के साथ उनके खिलाफ कार्रवाई करने में साथ देगी। मीटिंग के दौरान कई दुकानदारों ने दुकान के आगे रखे सामान को तुरंत हटाया गया।

### एक दायरे तक लगा सकेंगे रेहड़ी या फड़ी

प्रभारी यातायात पश्चिम निरीक्षक रविंद्र कुमार ने कहा कि बाजारों में दुकानदार एक सीमित दायरे तक फड़ी आदि लगा सकते है उसके आगे किसी भी प्रकार की फड़ी या रेहड़ी लगने नही दिए जाने पर बैठक में आम सहमति बनी है। उन्होंने कहा कि रेलवे रोड पर अगर दो दिन के बाद सड़क पर दुकानदारो द्वारा अतिक्रमण पाया गया तो जिला पुलिस उनके खिलाफ कानून अनुसार कार्रवाई करेंगी।

### ऑल सेक्टर्स वेल्फेयर एसो ने की पुलिस संग मीटिंग

**रोहतक।** ऑल सेक्टर्स वेल्फेयर एसोसिएशन की एक अहम बैठक संगठन संयोजक कदम सिंह अहलावत व प्रधान रणबीर सिंह छिल्लर की अध्यक्षता में अर्बन अस्टेट निरीक्षक रतनलाल के साथ हुई। बैठक का मुख्य एजेंडा शहर एवं सेक्टरों में बढ़ रही चेन स्नेचिंग की वारदातों की रोकथाम को लेकर रहा। चर्चा उपरांत प्रस्ताव पास हुआ कि पुलिस द्वारा सेक्टरों में गश्त बढ़ाई जाए और महिलाओं को इस बारे में जागरूक किया जाए। सभी सेक्टरों में जागरूकता अभि यान कैम्प की शुरुआत करेंगी।बैठक में दीपक मलिक सेक्टर-2 से, सुखबीर हुड्डा व धनराज रंगा सेक्टर-3 से, डॉ. रणजीत सिंह मलिक सेक्टर-4 से, सुखबीर माथुर सेक्टर-4 एक्सटेंशन से, सुदीप श्योराण सनसीटी सेक्टर-35 से व राजेन्द्र सिंह दलाल एवं बलजीत सिंह सेक्टर-36 से आदि पदाधिकारियों ने भाग लिया।

### इस्माईला में गेहूं की फसल जली


**सांपला।** इस्माईला गांव में वीरवार दोपहर को अज्ञात कारणों के चलते गेहूं की फसल में आग लग गई। हवा चलने के कारण आग तेजी से फैली और करीब 14 एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। किसानों और फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। जिससे किसानों को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

पंचायत ने सरकार से किसाने की आर्थिक सहायता करने की मांग की है। जानकारी के अनुसार इस्माईला -चुलियाना मार्ग के साथ कंबाइन मशीन से गेहूं की कटाई चल रही थी। किसानों का कहना है कि खेतों के ऊपर से बिजली की तार गुजरी हुई है। शार्ट सर्किट होने की वजह से फसल में आग लग गई। पक्की फसल होने और हवा चलने के कारण आग तेजी से फैली। एक के बाद एक करीब 15, एकड़ फसल अपनी चपेट में ले ली। कुछ किसानों के फांस भी जल गए। किसानों ने आग को फैलने से रोकने के लिए ट्रैक्टर हेरो से फसल पलटने का प्रयास किया।

# जेईई मेन्स में आकाशदीप दुहन के छात्रों ने सफलता हासिल की



**रोहतक।** आकाशदीप दुहून सांइस इंस्टीट्यूट के छात्रों ने जेइइ (संयुक्त प्रवेश परीक्षा) में सफलता हासिल कर यह साबित कर दिया कि शिक्षा के क्षेत्र में आकाशदीप दुहन सांइस इंस्टीट्यूट सर्वोच्च शिखर पर है। 16 विद्यार्थियों ने इस बार जेइइ मेन्स 14 छात्रों ने सफलता हासिल की है। जिसमें पांच विद्यार्थियो ने 99 प्रतिशत, एक विद्यार्थी ने 98.1 प्रतिशत, दो विद्यार्थियों ने 97 प्रतिशत और दो विद्यार्थियों ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त करके परीक्षा में अपना स्थान बनाया। इंस्टीट्यूट के संचालक डॉ. अशोक दुहन ने सभी विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि इसके अलावा अन्य विद्यार्थियों ने भी परीक्षा में सफलता प्राप्त की है।



### मलेरिया के लक्षण व बचाव की जानकारी दी

रोहतक। स्वामी नितानंद स्कूल में में वीरवार को मलेरिया दिवस मनाया गया। इस मौके पर स्कूल में ड्राईंग, भाषण, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सिविल सर्जन डॉ. अनिल बिरला, डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. सत्यवान, डॉ. मंजू मेहरा व उनकी टीम ने बच्चों को मलेरिया जैसी खतरनाक बीमारी के लक्षण व बचाव के उपायों से अवगत कराया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने विजेता छात्रों को पुरस्कार देकर उनका हौसला बढ़ाया। स्कूल निदेशक सुमित मलिक ने डॉ. अनिल बिरला व उनकी टीम को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

# यदुवंशी के विद्यार्थियों ने जेईई मेन के परिणामों में लहराया परचम

- आईआईटी एडवांस में भी अच्छा प्रदर्शन रहेगा : वाइस चेयरमैन कर्ण सिंह एवं चेयरपर्सन संगीता

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हिमांशु से बात करने पर उन्होंने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के उचित मार्गदर्शन, अध्यापकों की कड़ी मेहनत व अभिभावकों के सहयोग को दिया। वहीं विशेष ने बताया कि वह कम्पयूटर साइंस लेकर तकनीकि क्षेत्र में कुछ नया करना चाहता है।

यदुवंशी शिक्षा निकेतन के 215 विद्यार्थियों ने आईआईटी जेईई मेन प्रवेश परीक्षा के दूसरे फेज में उच्च परसेंटाइल से सफलता प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया हैं।

जेईई मेन एक राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा है जो एनटीए द्वारा आयोजित की जाती है। विद्यालय के नौ छात्र ने 99 परसेंटाइल से ऊपर हिमांशु 99.91, विशेष 99.88, रूपेश 99.59, नितिन 99.52, विशेष कुमार 99.31, भूपेंद्र 99.24, मुकुल 99.18, निशांत 99.11 तथा अंशिका 99.09 ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की। वहीं 95 परसेंटाइल से अधिक सुप्रिया 98.96, दीया 98.81, अक्षय 98.72, नितेश 98.62, निशांत 98.44, तुषांत 98.34, यामिनी 98.16, मनु 98.03, तनिष्क 96.95, डिंपल 97.84, सुधांशु 97.83, संध्या 97.04, गाव्यांशी 96.98, मनन 96.83, तृप्ति 96.78, मानसी 96.74, दक्ष 96.71, दिव्या 96.55, निशिता 96.51, विशांत 96.33, प्रवीन 96.28, विनीता 96.08, तक्षप्रीत 95.79, हर्ष 95.6, मिलन 95.5, कवींद्र 95.46, कपिल 95.46 तथा शुभम 95.14 विद्यार्थी रहे।

# जेईई मेन में आरपीएस के 39 बच्चों ने 99 परसेंटाइल से अधिक स्कोर पाया

- राष्ट्र निर्माण में आरपीएस संस्था सदा दृढ़ संकल्पित : चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** खुशी जाहिर करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित जेईई मेन के परीक्षा परिणाम में आरपीएस ग्रुप के 39 विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल व इससे अधिक अंक प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान रचा हैं। विद्यालय के छात्र धुर्वांशु, अनिरूद, तनिषा पूनिया ने केमिस्ट्री में, अमन यादव, धुर्वांशु ने फिजिक्स में व युक्ति गुप्ता एवं अमन यादव ने मेथ्स में 100 पसेर्टाइल प्राप्त किया हैं। इसके अलावा आरपीएस की युक्ति गुप्ता ने 99.98, परसेंटाईल, तनीशा पुनिया ने 99.98 एवं अनुप यादव ने 99.98 परसेंटाईल प्राप्त किया हैं। जेईई मेन में एक ही ग्रुप से अच्छी परसेंटाइल हासिल करने वाले विद्यार्थियों की सफलता पर ग्रुप के सभी विद्यालयों में जश्न का माहौल रहा तथा विद्यार्थी, शिक्षक व अभिभावकों ने मिलकर खुशी जाहिर की। इस उपलब्धि के लिए आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव सहित ग्रुप के सभी विद्यालयों के प्राचार्यों ने सराहना की हैं। चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि आरपीएस एक ऐसा मंच है जहां पर हर बच्चे की प्रतिभा को तराश कर उन्हें उनके लक्ष्य तक पहुंचाने का काम अभिभावकों के विश्वास के अनुरूप किया जा रहा है। सीईओ इंजी मनीष राव ने कहा कि आज शिक्षा के साथ-साथ हर क्षेत्र में आरपीएस के विद्यार्थी सफलता का परचम लहरा रहे हैं।

**आह्वान** गांव सुंढाना स्थित जीआरएम वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम

# बच्चों को अपमानित करना, भावनात्मक तिरस्कार बाल शोषण की श्रेणी में: अनिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



**रोहतक।** कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए बाल कल्याण अधिकारी एवं राज्य नोडल अधिकारी अनिल मलिक , जिला बाल कल्याण अधिकारी सोमदत्त खूंडिया व स्कूल प्राचार्य जगबीर ढाका।

जब बच्चों के साथ किसी तरह के शोषण का जिक्र होता है तो शारीरिक और यौन शोषण को स्पष्ट रूप से समझा जा सकता है लेकिन बच्चों की मूलभूत ज़रूरतें भोजन, कपड़ा, रहने का सुरक्षित ठिकाना यहां तक कि माता-पिता या अन्य संबंधित देखभाल करने वालों का उपेक्षित व्यवहार, उन्हें खुद से अलग-थलग कर देना, अपमानित करना व भावनात्मक तिरस्कार भी बाल शोषण की श्रेणी में आता है।

ये बात गांव सुंढाना स्थित जीआरएम वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी एवं राज्य नोडल अधिकारी अनिल मलिक ने कही। इस अवसर पर बाल दुर्व्यवहार समस्या समाधान युक्तियां, सामाजिक परिवेश और आत्म जागरूकता की समझ विषय पर एक सेमिनार का आयोजन भी किया गया। अनिल मलिक ने कहा कि हम चाहते बहुत कुछ हैं लेकिन उस चाहत को अंजाम तक पहुंचाने के लिए उतने प्रयास नहीं करते। अगर हम ईमानदारी से समय-समय पर स्वयं का आत्म मूल्यांकन करते रहे तो शायद काफी हद तक यह समझ आने लगेगा कि हमसे गलतियां कहां हुई हैं, हमारी ताकत और कमजोरी क्या है। इंसान को जब जीवन का एक सशक्त लक्ष्य मिल जाता है तो उसे हासिल करने के लिए खुद के प्रति अनुशासित और थोड़ा कठोर भी बनना पड़ता है, आराम को त्यागना पड़ता है।

### सजग, सचेत और जागरूक रहें

उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन से भविष्य जीवन के लिए खुद को सुरक्षित रखना एवं कामयाब करने के लिए ऐसा रास्ता चुनना होगा जो सशक्त स्वास्थ्यवर्धक फिर भले ही संघर्ष भरा हो लेकिन हो ऊर्जा प्रदान करने वाला। सकारात्मक सामाजिक परिवेश में रहने वाले लोग दूसरों की तुलना में अधिक प्रेरित होते हैं इसलिए घरेलू और सामाजिक वातावरण के प्रति सजग, सचेत, जागरूक रहें। इस मौके पर जिला बाल कल्याण अधिकारी सोमदत्त खूंडिया, प्राचार्य जगबीर ढाका, नीरज कुमार, समाजसेवी विश्वदीप, परियोजना कार्यक्रम अधिकारी सुखजिंदर बुधवार, सुषमा ढाका सहित अन्य मौजूद रहे।

# बच्चों को फल-सब्जियों के फायदे बताए



**रोहतक।** गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट स्कूल में बच्चों को पर्यावरण की सुंदरता बनाए रखने वाले पौधों की जानकारी दी गई, कक्षा नर्सरी, केजी और यूकेजी के बच्चों को स्कूल प्रांगण में लगे शहतूत, अमरुद, अनार, पालक, टमाटर, नींबू, पोदीना जैसे विभिन्न प्रकार के फल, सब्जियों के पौधों के बगीचे में ले जाया गया। कक्षा अध्यापिका द्वारा बच्चों को फल, सब्जियों से होने वाले फायदे बताए गए। भ्रमण के दौरान छात्रों ने जाना कि नियमित रूप से फल, सब्जियां खाने से स्वस्थ, निरोग और मजबूत बनते हैं। प्रधानाचार्या डॉ. ममता मलिक ने कहा कि फल, सब्जियों के सेवन से हमारे शरीर को आवश्यक ऊर्जा मिलती है। उन्होंने बच्चों को फल व हरी सब्जियों को नियमित रूप से खाने का आग्रह किया और कहा कि अगर हम फल और सब्जियां नियमित रूप से खायेंगे तो हमारा इम्यून सिस्टम स्ट्रांग रहेगा। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्या मशेंका, सीमा दुआ, कनिका चावला, साक्षी आहूजा आदि मौजूद रहे।